मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः19.12.2024

थाना मड़िहान व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ₹ 25 हजार का ईनामिया बदमाश/शातिर गो-तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम बड़ी सफलता हाथ लगी है। गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध जारी अभियान के क्रम में एक 04 सदस्यीय गो तस्करी गैंग को पकड़ा गया है । आज दिनांकः19.12.2024 को थाना मड़िहान व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दांती जंगल में दौराने पुलिस मुठभेड़ में ₹ 25 हजार के इनामियां बदमाश गोविन्द सरोज पुत्र नन्हे सरोज निवासी ग्राम दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके दाहिने पैर में गोली लगी है । **पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु भिजवाया गया,** जहां उसकी स्थिति सामान्य है। मौके से अभियुक्त गोविन्द सरोज उपरोक्त के कब्जे से मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा व 01 अदद मिस कारतूस तथा एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उपरोक्त गैंग के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार कर जंगल के रास्ते वध हेतु ले जाए जा रहे 60 राशि गोवंशो की बरामदगी की गई है तथा गैंग के शेष 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर अभियोग पंजीकृत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द सरोज एक शातिर किस्म का बदमाश है जिसका 04 सदस्यीय गैंग है जो गो-तस्करी का काम करते है। जिनके द्वारा आसपास के जंगल से छुट्टा गोवंशो को पकड़ कर तथा क्रय कर जंगल के रास्ते अहरौरा-सुकृत-नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाकर बेचा जाता है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त —

गोविन्द सरोज पुत्र नन्हे सरोज निवासी दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-32 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

- एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा व 01 अदद मिस कारतूस।
- एक अदद मोटरसाइकिल हीरो होण्डा पैशन प्रो वाहन संख्याःUP63AD3036.

आपराधिक इतिहास —*

मु0अ0सं-243/2024 धारा-3/5A/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष मड़िहान-प्रदीप कुमार सिंह मय पुलिस टीम।

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय पुलिस टीम।